# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 24.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **गुमला में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता, मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज रांची में होगी राज्य कैबिनेट की बैठक, मिल सकती है पेसा एक्ट को मंजूरी।**
3. **राज्य में बहाली प्रक्रिया का सिलसिला जारी, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री कल 200 चिकित्सकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।**
4. **रांची में दुर्गोत्सव के दौरान ट्रैफिक और सुरक्षा को लेकर व्यापक तैयारी, आज हो रही है माता के चन्द्रघंटा स्वरुप की पूजा।**
5. **13वीं सिंगा, मका, प्री–टीन, सब–जूनियर और जूनियर पेंचक सिलाट प्रतियोगिता 26 से, प्रतियोगिता में भाग लेने झारखंड की टीम हुई रवाना।**

********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और सुरक्षा बलों ने गुमला जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के तीन सदस्यों को मुठभेड़ में मार गिराया है। इनमें एक पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली भी शामिल है। गुमला एसपी हारिस बिन जमां ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज रांची में राज्य कैबिनेट की बैठक होगी। बैठक में सारंडा को वाइल्ड लाइफ सेंचुरी बनाने का प्रस्ताव रखा जा सकता है। बैठक में पेसा नियमावली को भी मंजूरी मिल सकती है। मंत्रिपरिषद द्वारा जनहित के कई अन्य प्रस्तावों को भी स्वीकृति दिये जाने की संभावना है।

********************

पेसा कानून की नियमावली तैयार करने को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को एक बार फिर सख्त निर्देश दिए हैं। अदालत ने सरकार से स्पष्ट रूप से कहा कि अगली सुनवाई से पहले पेसा नियमावली तैयार कर अदालत में पेश की जाये। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 9 अक्टूबर तय की है। साथ ही, पेसा नियमावली तैयार न होने तक राज्य में माइनर मिनरल के आवंटन पर लगी रोक को हटाने से भी इनकार कर दिया है।

********************

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती पर औद्योगिक नगरी जमशेदपुर के लोगों में खासा उत्साह है। जीवन बीमा पर जीएसटी शून्य किए जाने की पहल की लोग सराहना कर रहे हैं। बीमा अभिकर्ता गौतम शर्मा का मानना है कि इस कदम से जीवन बीमा प्रीमियम कम होगी और ज्यादा से ज्यादा लोग बीमा सेवाओं का लाभ ले पाएंगे।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से प्रेरित सरकार परिवर्तन और प्रगति की दिशा में लगातार काम कर रही है। आज इस विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि मोदी सरकार कैसे सेमीकंडक्टर मिशन के माध्यम से भारत के भविष्य को आकार दे रही है।

********************

राज्य में बहाली प्रक्रिया का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में कल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी 200 चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इनमें 100 सरकारी और 100 अनुबंध पर बहाल होंगे। यह स्वास्थ्य विभाग में अब तक की सबसे बड़ी बहाली होगी।

********************

राज्य में कल से भाजपा की ओर से आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलाया जायेगा। अभियान की सफलता के लिए सरायकेला–खरसांवा जिले में भी व्यापक तैयारी की गयी है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं

********************

शारदीय नवरात्र का आज तीसरा दिन है। रांची समेत राज्यभर के देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। आज मां दुर्गा के नौ रुपों में एक चन्द्रघंटा स्वरुप की पूजा हो रही है। पूजा पंडालों में भी मां की आराधना हो रही है।

********************

रांची में दुर्गा पूजा के दौरान ट्रैफिक और सुरक्षा को लेकर व्यापक तैयारी की गयी है। ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए 11 सौ से ज्यादा जवानों और 50 पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी कई एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। दुर्गोत्सव के दौरान स्वास्थ्य महकमा भी सतर्क है। रांची के सिविल सर्जन डा. प्रभात कुमार ने बताया कि सभी पंडालों के आसपास एम्बुलेंस की व्यवस्था की जा रही है और अधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों में डॉक्टरों की भी तैनाती की जा रही है।

********************

आज सुबह के कारोबार में बेंचमार्क घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 344 अंक गिरकर 81 हजार 758 पर और निफ्टी 96 अंक गिरकर 25 हजार 74 पर था।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 4 हजार 500 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 39 हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

राज्य में लगातार दो दिनों से हो रही बारिश ने मौसम को बदल दिया है। मौसम विभाग ने आज पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां के अलावा रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी में कहीं—कहीं भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

********************

13वीं सिंगा, मका, प्री—टीन, सब—जूनियर और जूनियर पेंचक सिलाट प्रतियोगिता 26 से 28 सितंबर तक कर्नाटक के कोपल में होगी। इसमें भाग लेने के लिए झारखंड पेंचक सिलाट टीम हटिया स्टेशन से कोपल के लिए रवाना हो गयी है।

*******समाप्त*************